संख्या-94/984(1)/84-1-13-28बामा/2012

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मुरादाबाद।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 11 नवम्बर, 2013

विषय- सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, मुरादाबाद कार्यालय भवन किराया स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या- 27/984/84-1-13-28बामा/2012, दिनॉक 26 सितम्बर, 2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, मुरादाबाद कार्यालय भवन किराया स्वीकृति के संबंध में जनपद मुरादाबाद में दिनॉक 14-07-2012 से प्रभावी सम्पत्तियों की न्यूनतम दरों (वाणिज्यिक किराये की दरें) के निर्धारण की सूची उपलब्ध करायी गयी थी। प्राप्त सूची के क्रमांक-83 पर मासिक किराये की दर रू0 135 प्रति वर्गमीटर अंकित है। क्या प्रश्नगत भवन वाणिज्यिक भवन है या वाणिज्यिक क्षेत्र में है के संबंध में सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था, जो अभी तक शासन में अप्राप्त है। अत: अनुरोध है कि कृपया उक्त के संबंध में वस्तुस्थिति से शासन को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in